Govt. College Sainj (H.P.)College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	11.02.2025-12.02.2025
2	Name of Activity/	**International Conference on "The Changing Dynamics of Himalaya: Economy, Ecology and Society"**
3	Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity	IQAC
4	Name of Collaborating Agency (IfAny)	Himalayan Council for Scientific Research, Kullu (H.P.)
5	No. of Student Participants	15
6	No. of Teacher Participants	05
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन	

		   HCSR INTERNATIONAL CONFERENCE On The Changing Dynamics of Himalaya : Economy, Ecology and Society 11th & 12th February, 2025 (11th February Virtual, 12th February Offline) Organised by HIMALAYAN COUNCIL FOR SCIENTIFIC RESEARCH (HCSR) In Collaboration with Govt. College Sainj, Himachal Pradesh

न्यूज़ टोपीकल लाइव

सैंज, बंजार, आनी, कुल्लू, मनाली

13 फरवरी 2025 वीरवार khemchandsoni446@gmail.com website: www.mywebsite.com

राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू में आयोजित हुआ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कांफ्रेंस में विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालायों से 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सैंज महाविद्यालय के 25 ऊर्जावान व मेधावी छात्र इस कांफ्रेंस में सम्मिलित हुए।

सम्मेलन की सामूहिक फोटो

न्यूज टोपीकल लाइव/सैंज/खेमचंद सोनी

राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू में हिमालयन कौंसिल फोर साइंटिफिक रिसर्च के सहयोग से "चेंजिंग डायनामिक्स ऑफ हिमालयन इकॉनमी, इकोलॉजी और सोसाइटी" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस का उद्देश्य हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था के बदलते स्वरूपों पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नीलांबर छेत्री (आईआईटी मंडी), डॉ. विपिन सिंह राठौड़ (सेवानिवृत्त प्राचार्य) और डॉ. सुरेंद्र कुमार (राजकीय महाविद्यालय बंजार) पवन ठाकुर (रिसर्च एसोसिएट) ने अपने-अपने विषयों पर विचार व्यक्त किए। इन विशिष्ट वक्ताओं ने हिमालयन क्षेत्र के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और इस क्षेत्र में होने वाले बदलावों की चुनौतियों तथा अवसरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रकाशचंद (हेड ऑफ प्रोजेक्ट, ग्रुप मैनेजर एनएचपीसी पार्वती-03) उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने हिमालय क्षेत्र के विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के महत्व को समझाया और वैज्ञानिक शोध के माध्यम से समाज की भलाई के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राजकीय महाविद्यालय सैंज की प्राचार्या डॉ. सुजाता ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य शोध को बढ़ावा देना है ताकि विद्यार्थियों में शोध के प्रति समझ और रुचि को बढ़ावा मिले। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से लाभ पहुंचाते हैं, बल्कि उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी करते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. प्रेम नेगी रहे। इस दौरान कांफ्रेंस में विभिन्न विश्वविद्यालयों से व महाविद्यालायों से 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सैंज महाविद्यालय के 25 ऊर्जावान व मेधावी छात्रों ने इस कांफ्रेंस में सम्मिलित हुए। सैंज महाविद्यालय के अन्य प्रमुख आचार्यो में प्रो प्रेम नेगी, प्रो प्रदीप कुमार ठाकुर ,प्रो होशयार शर्मा, प्रो निशा नेगी, और प्रो बंदना आर्या उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हिमालयन क्षेत्र के विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। इस दो दिवसीय कांफ्रेंस ने न केवल हिमालय की आर्थिक, पारिस्थितिकी और सामाजिक बदलावों को समझने में मदद की, बल्कि यह महाविद्यालय के शोध कार्य को प्रोत्साहित करने में भी अहम भूमिका निभाई।

Organizer

Sainj

Principal
Govt. College